हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 जुलाई 2024

06 शादी के जोड़े में दूल्हा पहुंचा दुल्हन को परीक्षा दिलाने



10 10 हजार पौधों के रोपण की दिशा में बढ़ा रहे शनैः ...





# चार दिन बाद हुई बारिश, मौसम में अब भी नहीं आई ठंडक, परेशान कर रही उमस





विदिशा। शहर में बारिश का दौर थमने के कारण आम लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। तीखी धूप निकलने और उमस के कारण लोग बेहाल हैं। जिसके कारण आम लोगों की सेहत पर भी असर पड़ने लगा है। वहीं अस्पताल में भी सर्दी, खासी, जुकाम के मरीजों की अच्छी खासी संख्या हो गई है। उमस इतनी तेज है बिना कूलर पंखे के रहा नहीं जा रहा है। लेकिन कूलर पंखे भी शरीर को राहत नहीं दे पा रहे हैं। मौसम में अभी भी ठंडक नहीं आई है। पिछले चार दिन बाद शनिवार शाम को कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। इसके बाद फिर से लोगों को उमस और बेचैनी का सामना करना पड़ा। जिले में सबसे अधिक बारिश लटेरी क्षेत्र में हुई है। लेकिन शहर के नदी नाले अभी भी रीते पड़े हैं। मौसम विभाग की संभावनाएं तक फैल साबित हो रही है। मौसम विभाग ने तीन दिन के लिए बारिश की चेतावनी दी थी लेकिन सिर्फ शनिवार को कुछ देर के लिए तेज बारिश होकर रह गई।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का आज शुभारंभ करेंगे सारंग

**विदिशा।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग एवं सहकारिता विभाग के मंत्री विश्वास सारंग आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। शासकीय महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में चयनित किया गया है। जिसका विधिवत शुभारंभ आज दोपहर 1.30 बजे से किया जाएगा। इसके बाद 2.30 बजे मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम का इंदौर में शुभारंभ करेंगे। जिसका वर्चुअल प्रसारण किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर से प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ होने जा रहा है।

### शासकीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 18 को

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में 18 जुलाई को वेल्सपन कॉर्प लिमिटेड रायसेन कंपनी का प्लेसमेंट ड्राइव, अप्रेंटिस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव, अप्रेंटिस ड्राइव में आईटीआई उत्तीर्ण एसे अभ्यर्थी जिन्होंने फिटर, वेल्डर, टर्नर से आईटीआई कम से कम 50 परसेंट से किया हो तथा आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष तक हो ऐसे पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। उम्मीदवारों को अपने साथ अपना बायोडाटा एवं स्वयं के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा उनकी एक छायाप्रति एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लाना जरुरी होगा।

### जिला क्रियान्वयन समिति बैठक 15 को

**विदिशा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए गठित जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन 15 जुलाई को होगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जानकारी के अनुसार उक्त जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति स्तर पर आवेदनों के सत्यापन हेतु अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी।

### विधायक ने छात्रावास में फलदार पौधे लगाए


**विदिशा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय बालक सीनियर छात्रावास नटेरन में शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने पौधरोपण किया। छात्रावास परिसर में उनके द्वारा मीठा नीम सहित कई फलदार पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में विभाग की जिला संयोजक पारूल जैन, मंडल संयोजक विनोद भोंसले आदि मौजूद रहे। विधायक श्री मीणा ने कहा कि पेड़ों को काटना अपने नाखून को काटने जैसा नहीं है बल्कि अपनी सांसों को काटने जैसा है। उन्होंने सभी को पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया।

### महिला को सर्प ने डसा, चल रहा इलाज

**विदिशा।** ग्राम चिड़ोरिया निवासी 40 वर्षीय महिला श्रीबाई कुशवाह को सर्प ने डस लिया। महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की शाम घर में सांप दिखा था। शनिवार की सुबह उसने महिला को डस लिया। महिला का आईसीयू में इलाज चल रहा है।

### कमलेश सेन को पितृ शोक

**विदिशा।** जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता एवं रेलवे सलाहकार



समिति के सदस्य कमलेश सेन के पिता पिता दुर्गाप्रसाद सेन का शनिवार को स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार सुबह 12 बजे निज निवास अयोध्या नगर राजपूत कॉलोनी राजपूत धर्मशाला के पास से निकाली जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ 'इस्कॉन' का आयोजन

# रथ में बैठकर निकले जगन्नाथ स्वामी हरे राम... हरे कृष्णा... से गूंजी गलियां

- देश विदेश संत रथ यात्रा में हुए शामिल कृष्णभजनों पर किया नृत्य।
- सैकड़ों की संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक और महिलाएं भी हुई शामिल।
- सत्संग भवन में भक्तों के लिए प्रभु का प्रसाद वितरित किया गया।



विदिशा। चिंतामणि गणेश मंदिर से निकाली गई जगदीश स्वामी के रथ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन की विदिशा शाखा द्वारा शनिवार को नगर में भगवान जगदीश स्वामी की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें कई विदेशों में रहने वाले भगवान श्रीकृष्ण की भक्ती करने वाले संत भी शामिल हुए। शाम पांच बजे से शुरू हुई रथयात्रा का समापन सत्संग भवन में हुआ। रास्ते में भक्त हरे राम... हरे कृष्ण के भजन पर झूमते हुए चल रहे थे। रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण सिंगापुर से पधारे विदेशी भक्तों द्वारा डांसिंग कीर्तन रहा। जगन्नाथ स्वामी, बलदाऊ जी और बहन सुभद्रा के रथ को भक्तों द्वारा रस्सी से खींचा गया। यह विशेष रथ इंदौर से मंगाया गया। महाप्रभु को लगभग 251 प्रकार का भोग अर्पित किया गया। रथयात्रा के मुख्य अतिथि अच्युत गोपाल प्रभु, इस्कॉन प्रभारी सर्वसाक्षी दास उपस्थित रहे। रथयात्रा समिति संयोजक घनश्याम बंसल और सचिव नीरज चौरसिया ने बताया कि महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा (इस्कॉन) का यह तीसरा वर्ष है। यात्रा चिंतामणि गणेश मंदिर डंडापुरा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सत्संग भवन पहुंची। जहां सभी प्रभु भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।

### निकली कलश यात्रा

**विदिशा।** गोकुलधाम कृष्ण धाम कॉलोनी में बनाए गए मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। बेतवा नदी के बाढ़ वाले घाट से जल लेकर कलश यात्रा गोकुलधाम कॉलोनी पहुंची। मंदिर में मूर्ति स्थापना के लिए 3 दिन तक यज्ञ अनुष्ठान आदि का आयोजन होगा।

### छात्रों की संख्या अधिक शिक्षक पड़ रहे कम, करना पड़ रहे अटैच

**ग्यारसपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र के संकुल केंद्र हैदरगढ़ में छात्रों की अधिक संख्या होने के कारण शिक्षक कम पड़ रहे हैं। जिसके कारण दूसरे स्कूलों के शिक्षकों को अटैच करना पड़ रहा है। अतिथि शिक्षकों की नियुक्त न होने के कारण कई स्कूलों में अभी बच्चों के मान से शिक्षक काफी कम हैं। संकुल केंद्र हैदरगढ़ में प्राथमिक शाला चक्क धामनोद की प्राथमिक शिक्षिका शशी राजपूत और गुन्नौठा के प्राथमिक शिक्षक राहुल शर्मा को भी संकुल हैदरगढ़ में अटैच किया गया है। स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने बताया है कि उन्हें पिछले वर्ष 2023 और 24 में शासन से मिलने वाले छात्रवृत्ति का भी अभी तक लाभ नहीं मिला है। इस संबंध में जब संकुल प्रभारी पूजा कुर्मी से बात की तो उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी से मौखिक मार्गदर्शन लेकर ही दोनों शिक्षकों का अटैचमेंट किया गया है। हायर सेकंडरी स्कूल हैदरगढ़ में छात्र संख्या अधिक है और शिक्षकों की संख्या न्यूनतम है। इस संबंध में जब जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि हैदरगढ़ हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के चलते कुछ समय के लिए अस्थाई रूप से अटैच किया गया है जैसे ही अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था होती है उनके लिए रिलीव कर दिया जाएगा।

# कुआखेड़ी के पुराने पुल पर लटका मिला युवक का शव

शुक्रवार की रात थोड़ी देर में वापस आने का कहकर घर से निकला था, उसी की शर्ट से लटका मिला शव



विदिशा। पुल की रैलिंग से लटका मिला युवक का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुआखेड़ी के पुराने पुल की रैलिंग से एक युवक शव लटका मिला है। मृतक की शिनाख्त रोहित अहिरवार के रूप में हुई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जब ग्रामीणों ने शव को देखा तो पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल की तो एक टूटा हुआ मोबाइल मिला। जिसमें सिम नहीं थी। रोहित ने जो शर्ट पहनी थी उसी शर्ट से उसका शव फंदे से लटका था। मृतक रोहित अहिरवार तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और वह है सेटिंग लगाने का काम करता था, रोहित के पिता भी मजदूरी करते थे। रोहित शुक्रवार की रात को 11 बजे घर से निकाला था उसने परिजनों से थोड़ी देर में आने का बोला था। उसके बाद सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिला।

### हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने गांव के एक व्यक्ति के ऊपर शक जाहिर किया है। दरअसल गांव के एक लड़के से रोहित की दोस्ती थी। फरवरी में उसके साथ रोहित का विवाद हो गया था। फिरहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। परिजनों के बयान दर्ज करके मामले की जांच में जुट गई है।

# यातायात पुलिस ने बसस्टैंड के अंदर नियम विरुद्ध खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की

**मैकेनिक की दुकानों पर खड़े वाहनों की वजह से बस स्टैंड पर खड़ी नहीं हो पा रहीं बसें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



यातायात थाना प्रभारी निरपत सिंह लोधी ने शनिवार को पुलिस बल के साथ बस स्टैंड पहुंचकर बेतरतीव खड़े मैकेनिकों के वाहनों को हटवाया। थाना प्रभारी ने बताया की जनसुनवाई में शिकायत प्राप्त हुई थी कि बस स्टैंड पर बसों को खड़े होने की जगह नहीं है। क्योंकि यहां की दुकानों के बाहर कई छोटे-बड़े वाहन खड़े होते हैं। जिसकी वजह से बस स्टैंड पर अव्यवस्था हो जाती है। बस स्टैंड परिसर के पिछले हिस्सें में काफी संख्या में मैकेनिकों की दुकानों हैं उन्होंने पिछला हिस्सा पूरी तरह से घेर रखा है।

### सब्जी मंडी में गंदगी के कारण व्यापारी परेशान

**विदिशा।** सब्जी मंडी में इन दिनों कीचड़ और गंदगी के कारण व्यापारियों सहित आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी मंडी के कचरे को एक स्थान पर एकत्रित कर दिया है। जो बारिश होने पर बदबू मारने लगता है। रात के समय जब व्यापारियों की दुकानों पर माल आता है तो यहां खड़े होना भी मुश्किल हो जाता है। सड़े गले फल और सब्जियों की बदबू के कारण आम लोग तक परेशान हो रहे हैं। मंडी के व्यापारियों ने सब्जी मंडी में नियमित सफाई और दवा छिड़कवाने की मांग की है।

# शराब ठेकेदार ने फिर शुरू की मनमानी वसूली रात 1:30 बजे तक और सुबह 7 बजे से विक्रय

**दुकान बंद होने के बाद भी नीचे से बेच रहे शराब, कलेक्टर का भी नहीं है खौफ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा





शहर में शराब ठेकेदार की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। कलेक्टर द्वारा की गई कार्रवाई के बाद भी तय समय के बाद भी शराब बेची जा रही है।

इतना ही नहीं सुबह 7 बजे से शराब दुकानों पर शराब दी जाने लगती है। वहीं रात 1.30 बजे तक शटर के नीचे से शराब बेची जा रही है। विगत दिनों कलेक्टर ने जिलेभर की शराब दुकानों की जांच कराई थी। जिसमें ठेकेदार की मनमानी साफ उजागर हुई। इसके बाद कलेक्टर ने जिला समिति की बैठक में शराब ठेकेदार के विरुद्ध एक्शन लिया था। इसके बाद भी ठेकेदार की मनमानी सामने आ रही है। इतना ही नहीं शराब ठेकेदार के कर्मचारी अब फिर से मनमान दाम भी वसूलने लगे हैं। एमआरपी से अधिक दाम लेकर लोगों को शराब बेची जा रही है।

# सीएम हेल्पलाइन आवेदनों की समीक्षा हर शनिवार को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन की ए ग्रेड सूची में शामिल होने वाले विभागों को साप्ताहिक समीक्षा बैठक से मुक्त रखा जाएगा।

कलेक्टर के द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अवकाश दिवस शनिवार को स्वयं विभागवार समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने समस्त एसडीएमओ को भी निर्देशित किया है कि अनुविभाग स्तरीय बैठकों में विभागों के लंबित आवेदनों की अधिकतम जानकारियां प्राप्त करें और उनके द्वारा निराकरण किया जा सके इसके लिए स्थानीय स्तर पर विशेष पहल करें। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि आज की स्थिति में विदिशा जिला प्रदेश में 9वें स्थान पर है। जो विभाग बी, सी तथा डी ग्रेड सूची में शामिल है उन विभागों के अधिकारियों को विशेष पहल करनी होगी। ताकि जिला प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में अव्वल हो सके। उन्होंने बताया कि अभी तक ए-ग्रेड सूची में 25 विभाग शामिल हैं जबकि बी-ग्रेड में 11 तथा शेष अन्य विभाग सी और डी-ग्रेड सूची में शामिल हैं। जून माह की शत-प्रतिशत शिकायतों का निदान संतुष्टि से कराया जाना है। जिले में 100 से अधिक शिकायतें जून माह की लंबित हैं।

# कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्य में लापरवाही नहीं बरतने हिदायत दी

**विदिशा और गुलाबगंज में अब तक जगह चिन्हित नहीं हुई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा





विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर वैद्य।

कलेक्टर ने जिले के सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी है।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा जिन विकास खंडों में स्कूल भवन के लिए भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन की कार्यवाही नहीं हुई है तो उसे शीघ्र पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में विदिशा एवं नवीन स्वीकृत गुलाबगंज में हो रही विलंबता पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विदिशा के लिए जो भूमि चिन्हित की गई उसका मौका मुआयना किया गया है। अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराए जाएं। गौरतलब हो कि जिले के पांच सीएम राइज स्कूल भवन नटेरन, कुरवाई, लटेरी, बासौदा, ग्यारसपुर में निर्माण कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं जबकि विदिशा, सिरोंज एवं गुलाबगंज में अभी काम ही शुरू नहीं हो सका है। वहीं पांचों निर्माण एजेंसी बीडीएस के द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कि कोताही नहीं बरती जाए इसके लिए सतत निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के संचालक डीएस कुशवाह ने कहा कि भवन के साथ साथ शिक्षा की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। उन्होंने भ्रमण के दौरान पाई गई अव्यवस्थाओं पर खिन्नता प्रकट करते हुए बताया कि सीएम राइज स्कूलों के विद्यार्थी शत-प्रतिशत उत्तीर्ण नहीं होना। यह सोचनीय है।

इसी प्रकार गंजबासौदा एवं नटेरन में निरीक्षण के दौरान बच्चों की स्कूलों में शत-प्रतिशत उपस्थिति नहीं पाईं गईं हैं। उन्होंने अधीनस्थ स्टाफ को अतिरिक्त मेहनत करने पर बल दिया है। ताकि सीएम राईज स्कूल स्कूली शैक्षणिक क्षेत्रों में सर्वोच्च गुणवत्ता को रेखांकित कर सके।

## खबर संक्षेप

### नगर में शाम के समय हुई हल्की बारिश

गंजबासौदा। शनिवार को दूसरे दिन भी नगर में शाम के समय हल्की बारिश हुई। जिससे नागरिकों को भीषण गर्मी और उमस से कुछ राहत मिल गई। नगर में सुबह से तेज धूप निकली जिससे लोग रोज की तरह उमस और गर्मी से परेशान दिखाई दिए। वहीं दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया और नगर के आसपास के क्षेत्र में कुछ समय तक तेज बौछारें पडीं, लेकिन नगर में शाम के समय हल्की बूंदाबांदी हुई और यह दौर रुक रुक कर चलता रहा। उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी इसी तरह बारिश के संकेत दिए हैं, लेकिन तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है।

### भजन संध्या आयोजित

गंजबासौदा। शनिवार को भगवान जगदीश स्वामी रथयात्रा के अवसर पर नौलखी मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक स्वर्गीय विनोद अग्रवाल द्वारा गाए हुए भाव प्रवाह भजनों की प्रस्तुति नगर के भजन गायक ब्रजराज अग्रवाल द्वारा दी गई। नौलखी मंदिर स्टेशन रोड पर रात्रि 8:30 से आरंभ हुई भजन संध्या में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भजनों का आनंद उठाया और धर्मलाभ लिया।

### फ्लाईओवर पर भरा रहा पानी



गंजबासौदा। इन दिनों नगर में बारिश का दौर शुरु हो गया है। इस दौरान महागौर फ्लाई ओवर पर पानी एकत्रित हो रहा है जिसकी निकासी नहीं हो पा रही है। लगातार पानी भरा रहने से फ्लाईओवर की सड़क भी धसकने लगी है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से फ्लाई ओवर का निर्माण करने वाली एजेंसी से एकत्रित हो रहे पानी की निकासी तथा सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है जिससे फ्लाईओवर को ज्यादा नुकसान न पहुंचे।

# शादी के जोड़े में दूल्हा पहुंचा दुल्हन को परीक्षा दिलाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कहते हैं कि जब कोई काम करने की दृढ़ इच्छा मन में हो तो उसे पूरा करने की बीच आने वाली मुसीबतें अपने आप दूर हो जाती हैं। ऐसा ही मामला गत दिवस नगर में देखने को आया, जब एक दुल्हन की शादी हुई और दूल्हा उसे विदा कराकर पहले परीक्षा दिलाने ले गया। परीक्षा देने के बाद दुल्हन अपनी ससुराल पहुंची। शादी के जोडे में परीक्षा केन्द्र पहुंचे दूल्हा दुल्हन को देखकर सभी हैरान हो गए। हालांकि बाद में सभी ने शिक्षा के प्रति इस जागरूकता पर दूल्हा सहित उसके परिजनों की सराहना कर उन्हें ढेरों बधाई दीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सोमवारा निवासी गणेश कुशवाह का विवाह 11 जुलाई को कुल्हार निवासी लक्ष्मी कुशवाह उर्फ नंदनी से हुआ। लक्ष्मी एलएलबी की पढाई भी कर रही है और अपने विवाह के दूसरे दिन यानि 12 जुलाई को ही उसकी एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा भी थी। ऐसे में दुल्हन लक्ष्मी उर्फ नंदनी अपने विवाह की रस्मों के दौरान इसी असमंजस में रही कि वह विवाह के बाद दूसरे दिन परीक्षा दे पाएगी या नहीं।

कहीं विवाह के बाद उसकी पढाई अधूरी न रह जाए। इस बीच जब उसने अपने दूल्हे यानि गणेश कुशवाह से इस बारे में बात की तो दूल्हे और उसके परिजनों ने न सिर्फ दुल्हन की उलझन को सुलझाया, बल्कि दूल्हे गणेश ने बारात की जल्दी विदा कराते हुए बारातियों और परिजनों को घर रवाना कर दिया। जबकि वह स्वयं शादी के जोडे में ही बाइक से अपनी दुल्हन को लेकर परीक्षा दिलाने शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय आ गया। शादी के जोडे में दुल्हन लक्ष्मी परीक्षा देने चली गई उधर दूल्हा गणेश पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कॉलेज परिसर में दुल्हन का इंतजार करता रहा। हाथों में मेंहदी, हल्दी लगी और शादी के लिबास में आए इन दूल्हा दुल्हन को परीक्षा केन्द्र में देख सभी हैरान रहे। इस बीच महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता, योगेश शिल्पकार, शुभेंद्र सिंह राजपूत सहित स्टाफ ने नवविवाहित जोड़े को विवाह की बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पढ़ाई के लिए जागरूक रहने पर नवदंपती की सराहना भी की।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नवीन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारियां प्रशासन द्वारा जोर शोर से की जा रही हैं। शनिवार को नगरपालिका सफाई कर्मियों द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से टीनशेड के चारो ओर ऊगी हुई घास एवं मिट्टी को हटाकर समतली करण करते हुए टीनशेडों की साफ, सफाई कराई गई। इन्हीं टीनशेड में विवाह एवं निकाह आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयंत वर्मा, जावेद खान स्वच्छता अधिकारी की मौजूदगी में नई कृषि उपज मंडी में सफाई कार्य करवाया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनांतर्गत नवीन कृषि उपज मंडी कंजना पठार में सामुहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में सम्मिलित होने के लिये वर एवं वधु को जनपद पंचायत बासौदा का निवासी होना आवश्यक है। आवेदन पत्र में संलग्न जांच प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता, कोटवार तथा क्षेत्र के एडीईओ, पीसीओ से अनिवार्यतः विवाह संबंधी टीप अंकित कराना अनिवार्य होगा। वर एवं वधु की आयु क्रमशः 21 वर्ष एवं 18 वर्ष पूर्ण हो एवं पूर्व में विवाह न होने संबंधी जांच भी की जावेगी। वर-वधु की समग्र आईडी एवं बैंक खाते में आधार, ईकेवायसी एवं डीबीटी होना आवश्यक है।

### विखं स्तरीय राष्ट्रीय शैक्षणिक सर्वेक्षण उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक आयोजित

# शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी: एसडीएम विजय राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






शनिवार को डाल्फिन विद्यालय के सभागार कक्ष मे विकास खंड स्तरीय राष्ट्रीय शैक्षणिक सर्वेक्षण (NAS) उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बीआरसी कपिल तिवारी ने बताया विकासखण्ड स्तर पर नवंबर 2024 के द्वितीय सप्ताह में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय शैक्षणिक सर्वेक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को तैयार करने एंव एफएलएन के मिड लाईन टेस्ट परिणामों की समीक्षा व आगामी एफएलएन मिड लाईन टेस्ट हेतु छात्र-छात्राओं के तैयारी कराने के संबंध में विकासखण्ड स्तर पर उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी आर के ठाकुर ने शिक्षकों को चेतावनी देते हुऐ कहा शाला समय का ध्यान रखें किसी भी हालत मे शाला बंद न मिले यदि किसी भी शाला के बंद होने की सूचना मिली तो कठोरतापूर्वक कार्रवाई की जाऐगी। डीपीसी आरपी लखेरा ने रविवार सहित अवकाश के दिनों में भी दो घंटे शाला को समय देने की अपील शिक्षकों से करते हुऐ राष्ट्र नव निर्माण मे सहयोग करने की बात कही। समाज में इसका अच्छा संदेश जाएगा। इससे शासकीय शिक्षक की इमेज भी समाज मे बदलेगी। एसडीएम विजय राय ने इस बार जिले को टॉप तीन में लाने की अपील करते हुऐ शिक्षकों से तन मन धन से शैक्षणिक कार्य मे जुटने की बात करते हुए उपस्थित अधिकारियों को सतत और सघन निरीक्षण करने के आदेश दिए।

शिकायत मिलने पर तत्काल कठोरतापूर्वक कारवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा समाज का सबसे अंतिम पंक्ति के वर्ग का बच्चा शासकीय शालाओं में अध्ययन करने आता है उसके भविष्य से खिलवाड़ किसी हालत मे मंजूर नही होगा। अनियमित, अनुपस्थित और लापरवाह शिक्षकों पर कड़ी कारवाई होगी। निपुण अधिकारी विज्ञा जैन, एपीसी विनिता शर्मा ने इस कार्यक्रम की महत्वपूर्ण बाते बताते हुऐ इसे भारत सरकार की प्रमुख कार्य सूची मे सर्वोच्च वरीयता प्राप्त बताया। जिला प्रभारी एफएलएन अजय श्रीवास्तव ने कहा अखिल भारतीय सर्वेक्षण मे यह बात सामने आई है कि कक्षा पांचवी का बच्चा भी लिखना पढ़ना नही जानता। हम सबको अब मिलकर इस कार्यक्रम के माध्यम से शासकीय शाला मे आने वाले प्रत्येक बच्चे का शैक्षणिक उन्नयन करना है। विकास खंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला मे विकासखण्ड के प्राचार्य, शिक्षक, जनशिक्षक ,एसआरजी , डीआरजी, एमटी सहित प्रत्येक माध्यमिक, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

### जहरखुरानी के मामले में फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




गंजबासौदा। शनिवार को कटनी जीआरपी पुलिस ने ट्रेनों में जहरखुरानी कर यात्रियों के सामान की चोरी के मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि यह आरोपी नगर में एक यूट्यूब चैनल का कैमरामैन था। कटनी से आई जीआरपी के प्रधान आरक्षक देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि राजेश अहिरवार निवासी वार्ड क्रमांक 6 के खिलाफ वारंट जारी है। फरार वारंटी ने कटनी-जबलपुर के बीच चलने वाली ट्रेनों में एक गिरोह के साथ जहर खुरानी की वारदातों को अंजाम दिया था। वर्ष 2017 में इसके ऊपर अपराधित प्रकरण दर्ज हुआ था। जिसमें यह कटनी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। जहां से इसका स्थाई वारंट जारी हुआ था। लगातार इसकी तलाश की जा रही थी, जब गंजबासौदा में इसकी जानकारी होने की पुष्टि हुई तो स्थानीय पुलिस की मदद से इसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# तेज हुई न्यू पेंशन स्कीम को समाप्त करने की मांग, किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ऑल इंडिया रेलवे मैन फेडरेशन के आवाह्न पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन द्वारा नई पेंशन स्कीम के विरोध में वेस्ट सेंट्रल रेलवे, जबलपुर मुख्यालय सहित तीनों मंडलों एवं यूनियन शाखाओं में नई पेंशन स्कीम को हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया गया। न्यू पेंशन स्कीम हटाने के लिए वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन विदिशा शाखा के कर्मचारियों द्वारा भी शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया गया।

ज्ञात हो कि 1 जनवरी 2004 के बाद शासकीय सेवा में आने वाले सभी केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा नई पेंशन स्कीम के तहत लाया गया था। नई पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को कोई निश्चित पेंशन और ग्रेजुएटी की गारंटी सरकार द्वारा कर्मचारियों को नहीं दी गई। वर्ष 2004 से केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून में अपनाए गए दोहरे रवैया ही न्यू पेंशन स्कीम के विरोध का मुख्य कारण है। नई पेंशन स्कीम में जहां एक ओर 20 से 30 साल तक शासकीय सेवा करने के बाद भी 60 वर्ष की उम्र में कर्मचारी को रिटायर्डमेंट पर कितना पैसा मिला ये वैश्विक बाजार की स्थिति पर निर्भर करेगा। आर्थिक मंदी जैसी स्थिति में कर्मचारियों को खाने के भी लाले पड़ सकते है। तो दूसरी ओर राजनेताओं को इससे बाहर रखा गया। अर्थात एक व्यक्ति केवल एक बार कुछ समय के लिए भी पार्षद, विधायक या सांसद बन गया तो भी वह उम्र भर पेंशन का हकदार है। ओर तो ओर कोई राजनेता जितनी बार भी पार्षद विधायक या सांसद बनता है उसको उतनी ही बार की पेंशन मिलती है। यही कारण है कि ऑल इंडिया रेलवे मैन फेडरेशन सहित अलग-अलग विभागों की कर्मचारी संगठन नई पेंशन स्कीम का विरोध करते आ रहे हैं। शुक्रवार को आयोजित विशाल विरोध प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के रेल कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और नई पेंशन स्कीम के विरोध में प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही केंद्र सरकार को बेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन के पदाधिकारी द्वारा केंद्र सरकार को अल्टीमेटम भी जारी किया कि यदि सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के हित में समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो कर्मचारी यूनियन आने वाले दिनों में और भी व्यापक तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगा आवश्यकता पड़ने पर रेल चक्का जाम का निर्णय भी यूनियन पदाधिकारी द्वारा लिया जा सकता है।

### लायंस क्लब ने किया श्रद्धालुओं कपड़े के थैलों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




नो पॉलीथिन डे के अवसर पर लायन्स क्लब द्वारा अनेक रचनात्मक कार्यक्रम किए गए। लायंस क्लब ने जगदीश रथ यात्रा के पुनीत पावन उपलक्ष्य में भोजन प्रसादी वितरित की थी। नौलखी बेतवा घाट मन्दिर से जगदीश स्वामी अपने भाई बलभद्र ओर बहन सुभद्रा के साथ रथ में सवार हो नगर भ्रमण कर मोसी के घर नौलखी मन्दिर स्टेशन क्षेत्र में विराजमान हुए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा जगदीश स्वामी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दूर दराज से आये ग्रामीण भक्त जनों को पूरी, सब्जी और बूंदी प्रसादी के रूप में वितरित की गई। साथ ही इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री बैग दिवस पर एक संगोष्ठी का अयोजन लायंस क्लब द्वारा किया गया। जिसमे वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले एवं विनीता गोयल ने विस्तार से बताया कि फ्री प्लास्टिक बैग 2008 में जीरो वेस्ट यूरोप से ये अभियान प्रारम्भ किया। नो पॉलीथिन डे के अवसर पर पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत कपड़े के 100 थैले वितरित किये गये और लोगों को पॉलिथीन उपयोग न करने की समझाईश दी गई तथा पॉलीथिन से होने वाले नुकसान के बारे में जनता को जागरूक किया। इस अवसर पर विनीता गोयल, आशा अग्रवाल, मधुलता अग्रवाल, आरती गर्ग, माधवी भाटिया, विजय अरोरा एवं समाजसेवी काके सिंह, सुनील बाबू पिंगले, आनंद मिश्रा, रवि यादव एवं अनेक भक्त जन उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग को लेकर दी जानकारी

# मीडिया कम्प्यूटर कॉलेज में सेमिनार का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को मीडिया कंप्यूटर कॉलेज में डिजिटल मार्केटिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें GB-111 के संस्थापक केशव शर्मा और उप संस्थापक सृजल जैन ने अपने बिजनेस के बारे में विस्तार से बताया और सोशल मीडिया के माध्यम से कैसे बिजनेस किया जाए, इसकी जानकारी दी। GB-111 एक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म है, जो इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर संचालित होता है। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में नए अवसरों और संभावनाओं से अवगत कराना था। केशव शर्मा ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने स्टार्टअप GB-111 की नींव रखी और उसे सफल बनाया। उन्होंने विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के उपयोग, प्रभावी मार्केटिंग रणनीतियों और उपभोक्ता व्यवहार की समझ पर प्रकाश डाला।

स्रजल जैन ने सोशल मीडिया मार्केटिंग की बारीकियों पर ध्यान केंद्रित किया और बताया कि कैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का सही और सटीक उपयोग करके एक ब्रांड को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से अपने फूड डिलीवरी बिजनेस को कैसे बढ़ावा दिया, इसके उदाहरण भी दिए। सेमिनार के दौरान, छात्रों ने डिजिटल मार्केटिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे और विशेषज्ञों से अपने संदेह दूर किए। छात्रों को डिजिटल टूल्स और तकनीकों का प्रयोग करके वास्तविक जीवन के परिदृश्यों में कैसे काम किया जाता है, इसका भी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कॉलेज के डायरेक्टर कमलेश शर्मा ने कहा कि इस तरह के सेमिनार छात्रों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में मार्केटिंग के नए तरीकों को समझना और अपनाना आवश्यक है। इस सेमिनार ने छात्रों को इसके लिए प्रेरित किया है। सेमिनार के अंत में, छात्रों ने दोनों विशेषज्ञों से मुलाकात की और अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम ने छात्रों में डिजिटल मार्केटिंग के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नेशनल अचीवमेंट सर्वे प्रशिक्षण हेतु आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में एसडीएम विजय राय, डीईओ रामकुमार ठाकुर, डीपीसी आरपी लखेर, नीति आयोग से विज्ञा जैन ने शिक्षकों को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान ही जिला शिक्षाधिकारी राम कुमार ठाकुर को शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी एवं संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपकर विभिन्न विसंगतियां जिनमे क्रमोन्नती, सातवे वेतनमान का एरियर, वरिष्ठ पद प्रभार में एक पद पर दो शिक्षक भेजना, वेतन विलंब में उत्तरदायी अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई, अनावश्यक जानकारियों से होने वाली परेशानी, पोर्टल पर जानकारियों में ससोधन न होने से उत्पन्न समस्याएं, पोर्टल अपडेट न होने से अकारण अतिशेष की स्थिति और खाली शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था और अनावश्यक संकुल व अन्य व्यवथाओं में पदस्थ शिक्षकों को शालाओं में पहुंचाने संबंधी साथ ही नव भारत साक्षरता में समनव्यकों को शालाओं में अध्यापन हेतु निर्देश एवं शालाओं को इस कार्य हेतु बजट व्यवस्था हेतु मांग की। चर्चा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने मांगो पर विस्तृत चर्चा की और शीघ्र ही सभी मांगों के निराकरण करने का आश्वासन दिया और विकाश खण्ड शिक्षाधिकारी को भी प्रतिवेदन बनाने हेतू निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बीईओ परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी सहित सभी जनशिक्षक, विकास खण्ड के सभी शाला प्रभारी उपस्थित थे।

### श्रमदान दल का पौधरोपण कार्यक्रम आज

गंजबासौदा। मंगलवार को श्रमदान दल द्वारा संचालित पौधरोपण अभियान 3.0 के तहत जारी जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम के तहत दो पौधे तुरंती लाल शुक्ला एवं केदार नाथ शुक्ला के सहयोग से रोपे जाएंगे। ये पौधे शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में सुबह 7 बजे रोपे जाएंगे। वहीं दो अन्य पौधे सुकेश डेरिया के सहयोग से डेरिया हैंडलूम के सामने रोपित किए जाएंगे।

व्यापारियों की समस्या संघ के पदाधिकारियों ने नहीं सुनी तो दो गुटों में बंटेंगे व्यापारी

# किराना व्यापार संघ के नेतृत्व व नवीन कार्यकारिणी पर व्यापारी अड़े, बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

रविवार दोपहर 2 बजे किराना व्यापार संघ सिरोंज की एक बैठक आयोजित की जाएगी। क्योंकि किराना व्यापार संघ के नेतृत्व को लेकर किराना व्यापारियों में भारी आक्रोश है। अभी हाल में मीठे तेल की पैंकिंग के साथ दूषित एवं नकली ब्रांडों का तेल शहर में तेजी से बेचे जाने को लेकर खाद्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन ने व्यापारियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया था। 4 जनवरी को खाद्य विभाग टीम द्वारा जब किसाना व्यापारियों की दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा था। उस समय खाद्य अधिकारियों पर अपने व्यक्तिगत प्रभाव जमाने के चक्कर में व्यापार संघ के एक व्यक्ति ने अधिकारी के साथ काफी बहसबाजी की थी। इसको लेकर महिला खाद्य अधिकारी ने धारा 353 के अंतर्गत पुलिस थाना सिरोंज में प्रकरण दर्ज कराया था। उस समय व्यापारियों का कहना था कि इस प्रकरण में सभी व्यापारियों की छवि खराब हुई है। यह मामला व्यापारियों के हित में नहीं था।

इसका खामियाजा अब व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। इसी तरह मीठे नकली तेल के मामले में एक मिलावट खोर व्यक्ति के चक्कर में सभी व्यापारियों की छवि खराब हो रही है। नगर के किराना व्यापारियों का कहना है कि हमारा संगठन व्यापारियों की हित की बात करते हुए संगठन को हम मजबूत कर रहें है। लेकिन एक व्यक्ति द्वारा सामाजिक क्षेत्रों की बुराइयां हमारे संघ को झेलना पड़ रही है। इसलिए व्यापार संघ का पुनः चुनाव होकर नए व्यक्ति को संघ का नेतृत्व करना चाहिए। जिससे की व्यापारियों की छवि धूमिल होने से बचें। आयोजित होने वाली बैठक में यदि नवीन नेतृत्व के लिए चुनाव नहीं हुआ तो किसाना व्यापारी दो गुटो में बट जाएगें। वही आने वाले समय में एसडीएम हर्षल चौधरी ने खाद्य विभाग की टीम को नियमित रूप से किराना दुकानों का निरीक्षण करने की बात कही है। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि निरीक्षण के दौरान नकली खाद्य पदार्थ का विक्रय करते हुए कोई व्यापारी पकड़ाया गया तो उक्त व्यापारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।



### मिलावट करें एक व्यक्ति, सजा भुगतें सब व्यापारी

*किराना व्यापारियो का कहना है कि एक व्यक्ति अपने घर पर बड़ी-बड़ी कंपनी के नाम का सहारा लेकर मिलावटी खाद्य पदार्थ का विक्रय कर रहा है। जिसका खमियाजा सभी व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि उक्त मिलावट खोर व्यक्ति द्वारा कम्पनी के ब्राड की ऐसी पैकिंग की जाती है जिसे देखने में लगता ही नही है कि यह तेल की केन व पाउच असली है या नकली। क्योकि व्यापारी तो कंपनी का नाम देखकर माल मगातें है। एक व्यक्ति द्वारा तेल व अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट की जाती है तो उसकी सजा सभी व्यापारियों को मिलती है क्योकि जब खाद्य विभाग की टीम जांच के लिए आती है और यदि किसी दुकान पर मिलावटी सामग्री मिलती है। तो विभाग की टीम द्वारा सभी दुकानों का निरीक्षण कर सैंपल की कार्यवाही की जाती है। जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है और व्यापारियों का व्यापार करना भी मुश्किल हो जाता है। यदि ऐसे मिलावट खोर व्यापारी पर कडी कार्यवाही की जाए तो अन्य व्यापारी शांति से अपने व्यापार कर सकतें है।*

जिला पंचायत नेता के साथ पहुंचे लोग

## कुरवाई की समस्याओं पर की कलेक्टर से चर्चा, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक बड़ा हिस्सा जिसमें लगभग 44 पोलिंग कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की सिरोंज जनपद में आती हैं। इसको लेकर गत दिवस पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट सुभाषिनी बोहत गोदरे के नेतृत्व एक ज्ञापन कलेक्टर बुद्धेश कुमार वेद को सौंपा गया। जिसमें कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आग्रह किया गया। एडवोकेट सुभाषिनी बोहत ने कहा कि कुरवाई विधानसभा क्षेत्र जो सबसे अधिक पिछड़ी हुई विधानसभा है और अनुसूचित, जाति जनजाति, अल्पसंख्यक समुदाय की बहुलता का क्षेत्र है। वहा के हालत बद से बदतर है अधिकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं कभी ग्रामीण स्तर पर अधिकारी कर्मचारी दौरा नहीं करते। गरीबो की हालत बद से बदतर होती जा रही है लोग रोटी के लिए परेशान है,रोजगार के साधन पर्याप्त नहीं है बरसात में नागरिकों की ग्रामीण क्षेत्र की हालत खराब है। विगत कई वर्षों से हर बरसात में नदी जैसा माहौल हो जाता है हजारों घर कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के धराशायी हो जाते हैं और उन्हें मुआवजे के रूप में 5000 से ज्यादा राशि नहीं मिलती। भले ही उनका सब कुछ बर्बाद हो गया हो ऐसी अनेकों समस्याओं के निराकरण हेतु सुभाषिनी बोहत गोदरे ने कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया और उनके शीघ्र निराकरण करने की मांग की। वही उन्होंने ने कहा कि वह कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक समस्या के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास और संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्याशी कुरवाई एडवोकेट सुभाष बोहत,जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रामराज सिंह दांगी,जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी,हाजी नदीम जावेद खान,बंटी सक्सेना,नितिन यादव,योगेंद्र सिंह चंदेल,योगेश गोदरे सहित अनेको कांग्रेस के जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कब्रिस्तान में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत नगर के संस्कार गार्डन के पीछे निजी कब्रिस्तान जिला वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ वसीम ने लगभग 20 से अधिक आम के पौधे लगाए। इस अवसर पर डॉ वसीम ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एक पौधा मां के नाम जो अभियान चलाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग जागरुक हो रहे हैं और पेड़ पौधे जगह-जगह लगाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में हम लोगों ने भी पहले इस्लाम कब्रिस्तान के अंदर लगभग 20 आम के पौधे व्यवस्थित तरीके से लगाए है। वही उन्होने कहा कि पर्यावरण में बढ़ता प्रदूषण को रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है। जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं



पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है। इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि पेड़ पौधे अवश्य लगाएं। साथ ही उनकी रक्षा करें। इस अवसर पर सैयद नजीर हुसैन,जहीर अहमद नदवी, सैयद अमजद हुसैन, शयन अली उपस्थित रहे।

## प्रकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए पौधरोपण जरूरी : सेन

### मुगलसराय बालक छात्रावास में पौधरोपण कार्यक्रम

**सिरोंज।** ग्राम मुगलसराय सीनीयर बालक छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रावास अधीक्षक गोपाल बाबू सेन, हायर सेकंड्री स्कूल मुगलसराय प्राचार्य खूब सिंह अहिरवार, बाबू लाल प्रभाकर, खिलान सिंह अहिरवार सहित समस्त स्टाफ ने छात्रावास परिसर में अनेको पौधे रोपे।

इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक जीबी सेन ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान को सफल करने का आह्वान किया और



साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। वही उन्होने कहा कि प्रकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे और प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए।

## 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने की अधिसूचना स्वागत योग्य कदम : भूपेंद्र सिंह

**सागर।** सन 1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लगाए जाने के दिन 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय का पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारत सरकार के राजपत्र में 25 जून के दिन को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने हेतु अधिसूचना जारी की है।पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने आपातकाल लगाए जाने को भारत के इतिहास का काला अध्याय बताते हुए कहा है कि 25 जून की तारीख को लोकतांत्रिक अधिकारों के दमनकारी दिवस के रूप में इतिहास में दर्ज कराने के लिए कांग्रेस की सत्ता लोलुपता, परिवारवादी और राजतंत्र की मानसिकता जिम्मेदार है। इसी दिन देश में आपातकाल लगा कर कांग्रेस ने अपनी सत्ता बचाने के लिए भारत के महान लोकतंत्र और संविधान पर अटूट विश्वास रखने वाले सौ करोड़ नागरिकों के अधिकारों व उनकी अभिव्यक्ति

## सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से अछूते बाजार और नगर की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जब भी नगर में कोई बड़ी घटना होती है। तब नगर के बाजारों, भीड भाड वाले सार्वजनिक स्थानों, चौराहो पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की चर्चा और आवश्यकता महसूस की जाने लगती है। चर्चाओं के बाद मामला शांत हो जाता है। नगर के दुकानदारों, प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे पुलिस अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास करती है।

### सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रति उदासीनता

बैंकों के बाहर रूपये चोरी होने वाहन चोरी होने की अनेक घटनाएं आज भी अनसुलझी बनी हुई है। गनीमत तो यह है कि लंबे समय से नगर में चोरी की कोई बडी वारदात और घटना दुर्घटना नहीं हुई, शायद इसी लिए व्यापारी, जन प्रतिनिधी, पुलिस और स्थानीय प्रशासन नगर में तीसरी आंख से निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता महसूस नहीं कर रहा है। लेकिन जैसे ही कोई घटना, बडी वारदात होगी, सीसीटीवी कैमरे स्थान-स्थान पर लगाने की जरूरत महसूस होने के साथ सहयोग की चर्चा शुरू हो जाएगी। नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने पुलिस द्वारा एक प्लान भी तैयार किया गया था। महिनों बीत जाने के बाद उक्त योजना का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढता दिखलाई नहीं दे रहा है।

### नगर का तेजी से विकास मुख्य व्यापारिक केन्द्र

पिछले 3 दशकों से नगर का तेजी से विकास हुआ। बडा बाजार, छोटा बाजार के अलावा मुख्य सड़क पर कालेज से पोरिया टाकीज तक लगभग ढाई किमी सड़क के दोनों किनारो पर सैकड़ों दुकानें प्रतिष्ठान होने के साथ मुख्य सड़क पर ही स्कूल, डेढ दर्जन से अधिक बैंके, सरकारी कार्यालय है। मुख्य सड़क पर भारी यातायात, वाहनो का आवागमन बना रहता है। हमेशा बाजार भीड भाड वाले स्थानों पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बनी रहती है। यदि तीसरी आंख से निगरानी की व्यवस्था हो तो किसी भी घटना को अंजाम देने वालों का आसानी से सुराग लगा कर उन्हें पकड़ा जा सकता है।

### गुरुकुल स्कूल में आज अभिभावक सम्मेलन

**बरेली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था गुरूकुल स्कूल में आज 14



जुलाई को अभिभावको, छात्रों के लिए विशेष मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेमीनार में 3 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों, अभिभावको का शिक्षण एवं उनकेबहुमुखी विकास में आने वाले अधुनिक समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी और मार्गदर्शन किया जाएगा।

गुरूकुल स्कूल के संचालक प्रशान्त राठी ने बताया कि सेमीनार में मुख्य वक्ता सुरेन्द्र यंग कानपुर द्वारा आधुनिक समय में बच्चो की शिक्षण, उनके बहुमुखी विकास में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की जाएगी। श्रीमती यंग काउंसलर और शिक्षक के रूप में 30 वर्षो से अनुभवी है। अनुभव और मार्गदर्शन से पालकों को अपने बच्चों की परवरिश और शिक्षा में नई दिशा मिलेगी। राठी ने सभी अभिभावकों से विशेष सेमीनार में सुबह 10 बजे गुरूकुल स्कूल आने का अनुरोध किया।

## ऐतिहासिक माला देवी मंदिर सड़क हुई जर्जर, पैदल चलना तक हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक माला देवी मंदिर की सड़क जर्जर हो गई है । माला देवी मंदिर ऐतिहासिक है जिसका निर्माण 9वीं और 10वीं सदी में किया गया था इसे देखने के लिए देश दुनिया से तमाम पर्यटक आते हैं बारिश के समय मंदिर के आसपास फैले पहाड़ खूबसूरत हरे भरे वृक्ष पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं । हरी भरी वादियां प्राकृतिक नजारे बहुत ही मनोरम दृश्य माला देवी मंदिर का दिखाई देता है।

स्थानीय नागरिक पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि स्वदीप रघुवंशी ने बताया कि 1 वर्ष से अधिक समय से मंदिर की सड़क उखड़ी हुई है लोक निर्माण विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते यह सड़क पूरी तरह से टूट गई है जगह-जगह गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं । बड़े-बड़े पत्थर नींव के निकल आए हैं , माला देवी मंदिर देखने आए पर्यटक कभी-कभी इन गड्ढों में फंसकर चोटिल हो जाते हैं, स्थानीय मीडिया के द्वारा भी पूर्व में इस सड़क को लेकर खबरें प्रकाशित की थी परंतु पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता , बेरुखी के चलते इस ऐतिहासिक मंदिर की सड़क नहीं बन सकी जिसके चलते इस रास्ते में पढ़ने वाले एक और ऐतिहासिक इमारत हिंडोला तोरण द्वार के सामने स्थिति बहुत ही खराब है । यहां पर पर्यटकों के दो पहिया और चार पहिया वाहन फिसल जाते हैं । जिसके चलते पर्यटकों का मोह भंग हो जाता है।

ग्यारसपुर सरपंच राजू कुशवाहा से इस संबंध में बात की गई उन्होंने बताया है कि ग्यारसपुर में बहुत ही प्राचीन




और ऐतिहासिक अनेक इमारतें हैं परंतु उनका संरक्षण न होने की वजह से निरंतर जीर्ण क्षीर्ण हो रही है । इस संबंध में जब पीडब्ल्यूडी के उपयंत्री सुधीर कुमार सक्सेना और एसडीओ रवि प्रकाश चिडार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु फोन रिसीव नहीं किया गया ।

### समय पर नहीं पहुंच रहे हैं शासकीय कर्मचारी

**गौरझामर।** गौरझामर के आसपास के शासकीय स्कूल हो या कोई भी स्वास्थ्य कार्यालय हो कुछ अधिकारी समय पर नहीं पहुंचते हैं, शिकायत उठाने पर भी वरिष्ठ अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं देते हैं। शासकीय कर्मचारियों समय पर कार्य एवं लगन के साथ नहीं करते हैं ।

### भाजपा मंडल नटेरन की कामकाजी बैठक आज

**नटेरन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नटेरन की कामकाजी बैठक रविवार को समय दोपहर 3 बजे श्री कृष्णा विद्यासागर स्कूल नटेरन में रखी गई है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष सचिन तिवारी ने भाजपा मंडल नटेरन के सभी कार्यकर्ताओं से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है।

### पीएम आवास योजना के आवासों का निरीक्षण किया

**रहली।** शासन के निर्देश पर पीएम आवास योजना के तहत बन रहे आवासों की मॉनिटरिंग और अधूरे निर्माण कार्य पूर्ण करने विशेष अभियान चलाया न रहा है। जिसके तहत नगर पालिका परिषद रहली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालकिशुन पटेल, फील्ड इंजीनियर शाहवाज खान द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा आप्रारंभ आवास एवं अपूर्ण आवास के सम्बंध में वार्डो में आवास योजना अंतर्गत वार्ड 14 और 15 के हितग्राहियों के घरों का मौका पर निरीक्षण कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। और ताकीद किया कि जिन हितग्राहियों द्वारा आवास के कार्य नहीं किए जायेंगे उन हितग्राहियों की आरआरसी की कार्रवाई कर सरेंडर किया जाएगा वसूली की कार्रवाई शासन स्तर पर की जाएगी।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शमशाबाद। नगर के युवा समाजसेवी गिरीश माहेश्वरी ने पत्नी विशाखा माहेश्वरी के साथ 19 पौधे लगाकर कहा कि धरती पर निवास करने वाले प्रत्येक जीव के लिए पौधे जीवनदाई महत्व रखते हैं बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्यायों से निपटने के लिए पौधे लगाना सबसे अच्छा कार्य है हर व्यक्ति को जन्म दिन,वैवाहिक वर्षगांठ,सहित अन्य कार्यों को यादगार बनाने पौधे जरूर लगाएं और उसका संरक्षण करें।



## वर्षो से नहीं हुए किसानों के बीच सक्रिय रहने वाली सहकारी संस्थाओं के चुनाव, जुलाई में चुनाव प्रक्रिया से बढ़ी हलचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रायसेन जिले में 113 सहकारी संस्थाए है। देवरी, उदयपुरा, खरगौन, बरेली, बाड़ी सहकारी बैंको के अन्तर्गत दर्जनों सहकारी संस्थाए सीधे किसानों से जुड़ी है।

इन सहकारी संस्थाओं द्वारा सदस्य किसानों कृषि, खाद बीज का ऋण दिए जाने के साथ नगदी वस्तु ऋण भी बहुत कम ब्याज दरो पर उपलब्ध कराया जाता है। लगभग 8 वर्षो से किसानों के बीच सक्रिय सेवा सहकारी संस्थाओं के चुनाव न होने से प्रशासको एवं संस्था प्रबंधकों के भरोसे संचालित हो रही है। एक-एक प्रशासक के पास अनेक सहकारी संस्थाओं का प्रभार बना हुआ है। मतदाता सूची प्रकाशन के साथ अगले माह जुलाई में सहकारी संस्थाओं के संचालक मंडल अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव होने की संभावना से जुड़े किसानों की सक्रियता और चुनावी हलचल शुरू हो गई है।

सहकारी संस्थाओं का मुख्य कार्य सदस्य किसान को कृषि संबंधी ऋण उपलब्ध कराना है। इसी के साथ समय-समय पर खाद, बीज उपलब्ध कराया जाता है। पिछली कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के दौरान किसानों से किया गया 2 लाख रू. की ऋण माफी का वायदा उनकी सरकार रहते आधा अधूरा बना रहा।

ऋण माफी के चक्कर में हजारो किसानो ने ऋण राशि जमा न करने से डिफाल्टर बने रह गए और सरकार की शून्य ब्याज नीति का लाभ न मिलने की स्थिति और सहकारी संस्थाओं का किसानों पर ऋण और ब्याज का बोझ बढ़ता चला गया। सहकारी संस्थाओं द्वारा उचित मूल्य दुकानों का वर्षो से संचालन किया जा रहा है। इसी के साथ वर्षो से सहकारी संस्थाओं द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना, मूंग इत्यादि उपज की भी खरीद की जा रही है। डबल लाक से उठा कर सहकारी संस्थाओं द्वारा अपने सदस्य किसानों को डीएपी, यूरिया इत्यादि रासायनिक खाद प्रत्येक सीजन में उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जा रहा है।

प्रत्येक सह. संस्था के बकायादार किसानों को छोड़ गैर बकायादार किसानो की मतदाता सूची प्रकाशन पर 3 जुलाई तक आपत्ति निराकरण के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया में प्रत्येक संस्था में 11 संचालक सदस्यों का चुनाव और इन्ही सदस्यों में से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया जुलाई से प्रारंभ होकर 8 अगस्त तक पूर्ण होने की संभावना है।

## 5 दिन से नहीं हुई बारिश, सूखने लगी धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अच्छी मानसूनी वर्षा के लिए जाने जाना वाला आषाढ माह समाप्त होने वाला है। 15 जून से वर्षाकाल शुरू हुए माह होने वाला है। परंतु जून-जुलाई में हुई अल्प वर्षा के असर से एक ओर गर्मी उमस का माहौल बना हुआ है। वही पर्याप्त बारिश न होने के कारण बारना की नहरो एवं ट्यूबवेलो के पानी के सहारे किसान खेतो में पानी भर कर मिट्टी की मचाई और धान की रोपाई का कार्य अत्याधिक परेशानियों के बीच कुछ एकड में ही कर पा रहे हैं। वर्षा की खेंच से धीरे-धीरे धान रोपाई का महत्वपूर्ण समय निकलते जाने से धान की खेती करने वाले हजारों किसान धान की खेती को लेकर भारी चिंताग्रस्त और हैरान परेशान बने हुए नजर आ रहे है।

### क्यारियों का सूखा पानी

पिछले 5 दिनों से नगर एवं क्षेत्र में एक बार भी बारिश न होने से मौसम गर्म बना हुआ है। जिन किसानों द्वारा धान की खेती के लिए नहरो, ट्यूबवेलों के पानी का उपयोग किया जा रहा है। जमीन रूखी सूखी होने के कारण भरा पानी तेजी से जमीन पी जाने और खेत सूख जाने की नुकसानदायक स्थिति बन रही है। धान की खेती के लिए मौसम ठंडा भरपूर बारिश और खेतो में बनी क्यारियों में 4-6 इंच पानी भरा रहना जरूरी होता है। प्राकृतिक बारिश न होने से धान की रोपाई का महत्वपूर्ण कार्य पिछडने के साथ पानी की कमी से किसान जूझ रहे है। यदि इसी प्रकार बारिश की कमी और खेंच बनी रही और धान की बिलम्ब से रोपाई हुई तो धान पकने कटने का समय दिसम्बर तक जा सकता है। धान की कटाई के बाद ही किसानों द्वारा पलेवा कर गेंहू की व्यापक स्तर पर बोवनी की जाती है। बिलम्ब से गेंहू की बोवनी के असर से गर्मी में मूंग की खेती कर संकट की स्थिति बनेगी। इस समय हो रहे बिलम्ब से धान एवं गेंहू का प्रति एकड उत्पादन कम होने की संभावना है।

## गोसेवकों ने प्रशासन से की मांग- सड़कों पर विचरण करने वाले गोवंश को सुरक्षित गोशाला में छोड़ने के साथ समुचित व्यवस्था हो

# गोसेवकों ने किया सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन, प्रशासन ने दी समझाइश





### इधर, गोवंशों को गोशाला में ले जाकर छोड़ रहे नपा के कर्मियों को सुनना पड़ रही पशु मालिकों की खरी खोटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को शहर तहसील कार्यालय के सामने गोसेवकों द्वारा धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया गया। इस दौरान सड़क के दोनों सइड वाहनों की लंबी कतार लग गई। गोसेवकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश को सुरक्षित गोशाला में छोड़ा जाए और गोवंश के लिए समुचित व्यवस्था गोशाला में की जाए। युवा अधिवक्ता गोपाल साहू ने बताया कि गोशालाओं में अनियमितताओं की जांच की मांग भी की गई है। सड़कों पर गोवंश की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। हमारी कलेक्टर से मांग है कि गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए समुचित इंतजाम गोशाला में किए जाए।

### शहर की श्री कृष्णा गोशाला में छोड़े पकड़े गए मावेशी

गोसेवकों ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा सड़कों से पशुओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है पर इन पशुओं को शहर से बाहर हलाली गोशाला ना ले जाकर शहर में ही स्थित श्री कृष्ण गोशाला में छोड़ जाए और यहां छोड़ने के बाद दोबारा से पशु रोड पर ना आए। गोशाला द्वारा ऐसी व्यवस्था की जाना चाहिए।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी

चक्काजाम के दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम मुकेश सिंह, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, तहसीलदार हर्ष विक्रम द्वारा धरना प्रदर्शन कर रहे युवाओं को समझाइए दी गई और उन्हें सड़क से हटाया। इसके बाद युवा तहसील कार्यालय में पहुंच गए और यहां भी धरना दिया। युवा कुछ गायों को भी तहसील कार्यालय में ही लेकर पहुंच गए थे। हालांकि प्रशासनिक सहित नगरपालिका द्वारा सरकार के आदेश के बाद लगातार रोड़ से पशुओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है और पशुओं को गोशाला भी छोड़ा जा रहा है।

प्रशासन के आदेश पर रोड से पशुओं को हटाने और गोशाला पहुंचने की कार्रवाई जारी है, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों को रोड से पशुओं को हटाने के दौरान पशु मालिकों के अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को भी शहर के सांची रोड पुलिस लाइन के सामने नगर पालिका कर्मचारी रोड से पशुओं को हटाकर पशु वाहन में भरकर गोशाला ले जा रहे थे। इसी दौरान एक पशु मालिक ने कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करते हुए अपनी गाय को पशु वाहन से जबरदस्ती बाहर निकाल लिया।

सीएमओ सुरेखा जाटव मौके पर पहुंची और पशु मालिक पर एक हजार रु का जुर्माने लगाया। नपा द्वारा अब तक सड़कों से करीब 50 से ज्यादा पशुओं को हटाकर गौशाला पहुंचा जा चुका है। जितने भी पशु रोड से गोशाला पहुंचेंगे उन पशुओं की गोशाला द्वारा गिनती कर रिसीविंग दी जाएगी। इसके बाद पशु मालिक पशुओं को लेने आएंगे तो 1 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा।

# कई वर्षों से सड़क नहीं बनने के कारण ग्रामीण हो रहे हैं परेशान

## प्रशासन एवं सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज करा चुके है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नरखेड़ा के गांव खेड़ा के ग्रामीण कई वर्षों से सड़क नहीं बनने के कारण परेशान हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम पंचायत और सांची ब्लॉक में इस सड़क को बनाने के लिए आला अधिकारियों को आवेदन कर चुके हैं सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा चुके हैं इसके बाद भी कोई भी अधिकारी खेड़ा गांव की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। बारिश के समय खेड़ा गांव के लोगों का सड़क मार्ग तक आना नामुमकिन हो जाता है।

यह लोग 4 महीने का राशन बारिश के पहले ही लेकर अपने घरों में रख लेते हैं क्योंकि बारिश हो जाने के कारण यह लोग सड़क तक भी नहीं पहुंच पाते है, जबकि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री सड़क योजना और मुख्यमंत्री सड़क योजना चालू है इसके बावजूद भी 3 किलोमीटर की सड़क नहीं बनाई जा रही है।

अगर किसी महिला की डिलीवरी होना हो या किसी को कोई बीमारी हो जाए तो अस्पताल तक पहुंचना नामुमकिन हो जाता है। बीमार व्यक्ति या डिलीवरी वाली महिला ग्रामीणों द्वारा बैलगाड़ी से लाया और ले जाया जाता है। क्योंकि इस मार्ग पर मोटरसाइकिल या फोर व्हीलर गाड़ी नहीं चल सकती।



### चुने गए सरपंचों ने नहीं दिया इस ओर ध्यान

*खेड़ा गांव की सड़क न बनना सोच से परे है, जबकि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री हर गांव को हाईवे से जोड़ने का प्रयत्न कर रहे हैं। दूसरी ओर कहीं गांव आज भी सड़क के लिए तरस रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विधायक और सरपंच वादा करते हैं और चुनाव के बाद इस गांव की तरफ ध्यान नहीं देते। पंचायतों में भी कई बार सरपंच चुने, मगर किसी भी सरपंच ने इस गांव तरफ ध्यान नहीं दिया जिस कारण खेड़ा गांव आज भी सड़क के लिए तरस रहा है। पंचायत द्वारा 3 साल पहले नदी पर पुलिया का निर्माण किया था बारिश में पुलिया से मिट्टी कटने के कारण अब पैदल चलना नामुमकिन है। कई किसानों की जमीन नदी के उस पार पड़ती है पुलिया की मिट्टी बह जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली भी नहीं जा पा रही है कुछ बच्चे इसी मार्ग से होते हुए दीवानगंज हाई सेकेंडरी स्कूल, बेरखेड़ी चौराहा के स्कूल, सलामतपुर स्कूल तक जाते हैं।*


छात्र नितेश लोधी, आर्यन लोधी, हेमंत लोधी, उदय भान सिंह, राघवेंद्र, आर्यन, आदित्य, करन, हेमंत, रुपेश, शुभम ने बताया कि पुलिया पर से कई बार हम स्कूल जाते समय गिरकर घायल भी हो चुके हैं। बारिश के मौसम में तो हम लोग स्कूल बड़ी मुश्किल से जा पाते है पुलिया के पास की मिट्टी वह गई हैं अब हम स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

### भेजेंगे प्रस्ताव

पिछले साल मैंने अपने खर्चे से पुलिया के दोनों तरफ मिटटी डलवा कर मार्ग चालू करवा दिया था। इस बार फिर पानी में मिट्टी वह गई। प्रस्ताव बनाकर भेजेंगे पैसे मंजूर हो जाएंगे तो पुलिया का निर्माण कराया जाएगा।

**रामदयाल लोधी,** नरखेड़ा सरपंच

# मालिनी क्षेत्र में 21 दिन पहले छोड़ी गई बाघिन की मौत



**होशंगाबाद/सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मालिनी क्षेत्र में 21 दिन पहले छोड़ी गई दो साल की बाघिन की मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार दोपहर को संबंधित रेंज से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन को बाघिन की मौत की जानकारी दी गई। जब बाघिन की मौत की जानकारी सूत्रों के माध्यम से जंगल से बाहर निकली तब प्रबंधन ने बाघिन की मौत होने की पुष्टि की। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अधिकारियों का कहना है कि बाघिन का शव मिला था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कर उसका अंतिम संस्कार किया है। फिलहाल जानकारी नहीं दी की मौत कैसे हुई। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी रेंज में बाघिन को कॉलर आईडी लगाकर छोड़ा था।

# पशु आहार की हेराफेरी मामले में कब तक होगी जांच

## ◆ ग्राम पंचायत सांईखेड़ा में हुई अनियमित्ताओं की शिकायत राज्यपाल से लेकर मुख्यमंत्री से भी कर चुके है ग्रामीणवासी

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पशु आहार को सरंपच के पिता के खेत में दबा हुआ मिलने के मामले में प्रदेश भर मे चर्चित हो चुकी ग्राम पंचायत सांईखेड़ा के पशु आहार मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी एसडीएम की कार्यशैली पर सवालिया निषान लगने लगे है, मामले के उजागर होने के आठ दिन बीतने के बाद भी जांच पूर्ण ना होने को लेकर कयासों का सिलसिला चल पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के नाम पर जांच अधिकारी मामले को लंबित रख कर आरोपी सरंपच को बचाने का खेल खेलने का कार्य कर रहे हैं।

जनपद पंचायत सिलवानी की ग्राम पंचायत सांईखेड़ा के पशु आहार हेराफेरी की गूंज समूचे प्रदेश में गूंजायमान होने के आठ दिन बीत जाने के बाद भी जांच अधिकारी जांच को पूर्ण नही कर सके है, मीडिया से पहले 4 दिन फिर 7 दिन में जांच करने की बात जांच अधिकारी के द्वारा कही गई थी, लेकिन बयान की समय सीमा बीतने के बाद जांच पूर्ण ना होने पर जांच अधिकारी एसडीएम की प्रषासनिक प्रणाली पर सवालिया निशान लगाए जा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच अधिकारी पशु आहार की हेराफेरी करने वाले आरोपी सरंपच को बचाने के लिए ही जांच को लंबित रखे हुए है।

ज्ञात रहे कि ग्राम पंचायत सांईखेड़ा की गोशाला का पशु आहार सरंपच के पिता के खेत में दबा पाया था, जिसे एसडीएम द्वारा मौके पर पहुंच कर खुदाई कराई गई थी जिस पर कि पशु आहार दबा हुआ मिला था। ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई पूर्ण कर निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया था, लेकिन जांच अधिकारी द्वारा जांच को लंबित रखा जाना बताया जा रहा है। प्रदेश भर में चर्चित हो चुके मामले की जांच लंबित होने से जांच अधिकारी की भूमिका संदेह के धेरे मे आ रही है।

### ग्रामीण राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से कर चुके है शिकायत

*ग्राम पंचायत सांईखेड़ा के ग्रामीण बीते दिनो प्रदेश के महामहिम राज्यपाल तथा मुख्य मंत्री कार्यालय को ग्राम पंचायत में हुई अनियमित्ताओ व 15 लाख से अधिक की राशि का अवैध रुप से सरंपच व सचिव के द्वारा आहरण किए जाने सहित अन्य बिंद्वुओं को लेकर शिकायत कर चुके है। बावजूद भी अभी तक ग्रामीणो की शिकायत पर कार्रवाई नही हो सकी है। प्रशासन की जांच संबंधी कार्रवाई लंबित होने से ग्रामीणो में प्रशासन के प्रति असंतोष देखा जा रहा है, अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रदेश के मुखिया डा. मोहन यादव भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का वादा कर रहे है, लेकिन उनकें ही अधिकारी ना तो शिकायत पर कार्रवाही कर रहे है और ना ही पशु आहार की हेराफेरी करने वाले आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है, बल्कि जांच को लंबित रख आरोपी सरंपच को बचाने के खेल में लगे होना बताया जा रहा है।*

### पॉलीटेक्निक में प्रवेश हेतु 17 तक रजिस्ट्रेशन

**रायसेन।** तकनीकी शिक्षा मध्य प्रदेश द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए डिप्लोमा कोर्सो की काउंसलिंग के प्रथम चरण के तहत अर्हकारी परीक्षा (10वीं उत्तीर्ण) के आधार पर 17 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा सकेंगें। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रायसेन के प्राचार्य डॉ एसपी कोरी ने बताया कि 27 जुलाई से 5 अगस्त तक संस्था में प्रवेश के लिए छात्रों को दस्तावेज लेकर उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थी स्वयं या कियोस्क सेंटर से ऑनलइन आवेदन कर सकते है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में चार ब्रांच- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेली0 कम्यूनिकेशन इंजी., सिविल इंजी., मैकेनिकल इंजी. एवं इलेक्ट्रीकल इंजी. संचालित है।

# हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में ऑनलाइन कॅरियर मार्गदर्शन

## जिला शिक्षा अधिकारियों को दिये गये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश के सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिये कॅरियर मार्गदर्शन होगा। इसके लिये नोडल शिक्षकों को वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। वर्तमान में विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिये यू-रिपोर्ट के माध्यम से लाईव-11 कोर्स् का उपयोग प्रदेश के सीएम राइज और पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थी उपयोग कर रहे हैं।




कैरियर मार्गदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की समझ एवं कैरियर के महत्व को समझाना और कक्षा 10वीं के बाद विषय संबंधित निर्णय लेने में सहायक बनाना है।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर के बारे में जानकारी दी जायेगी।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को आगे चलकर स्वयं का व्यवसाय और उद्यमशीलता के बारे में जानकारी दी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि इसके लिये वे संबंधित विद्यालयों में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाये। वेबिनार में विद्यार्थी अपनी शंका का समाधान और जिज्ञासा चैट में प्रश्न कर सकते हैं।

# महीना भर से नाबालिग लड़की लापता, अब तक नहीं चला पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

थाना सांची क्षेत्र से 5 जून को दीपक अहिरवार की एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की दिन के 4 बजे घर से बिना बताए गायब हो जाती है लड़की के पिताजी मजदूरी करते हैं जब वह शाम को घर आए तो लड़की की छानबीन की आस-पास में पड़ोसियों के घर पता करवाया परंतु जब कहीं कोई जानकारी नहीं मिली तब जाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थाने में रिपोर्ट दर्ज किए हुए आज एक महीना 8 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक लड़की का कोई पता नहीं चला।

नाबालिग के पिता ने थाने से लेकर मंत्री तक गुहार लगा चुके है, लेकिन अभी तक मजदूर पिता की कोई सुनवाई नहीं हुई।

### आ रही दिक्कत

◆ लड़की के पास मोबाइल नहीं है, इसलिए जानकारी उठाने में दिक्कत आ रही है।

**मानसिंह चौधरी,** सांची थाना प्रभारी

### कर रहे है कोशिश

◆ मैंने सांची थाना टी आई चौधरी साहब से बातकी है वह जल्दी ही इसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

**पप्पू रेवाराम अहिरवार,** नगर परिषद अध्यक्ष

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को दे रहे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अध्यनरत छात्र-छात्राओं को काउंसलर्स द्वारा राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में गत दिवस बेगमगंज में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंसलर मिथुन यादव द्वारा सीएम राइज स्कूल बेगमगंज के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत पोषण में सुधार, प्रजनन स्वास्थ्य को सक्षम बनाना, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा, मादक द्रव्यों के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में किशोरों की जागरूकता, किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का समाधान सहित अन्य बिन्दुओं के बारे में बताया गया।




## शांति, सौहार्द्र व हरियाली का दिया संदेश

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

ग्राम बांसखेड़ा में सामाजिक कार्यकर्ताओ ने मिलकर पौधरोपण किया तथा शिक्षा जागरुकता एवं नशामुक्ति पर आपसी परिचर्चा की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बहन प्रियंका सांची से उपस्थित रहीं, विशेष अतिथि के रुप में ग्राम सरपंच राशिद मोहम्मद, सांची से कमलेश तथा अविनाश मौजूद रहे।

साथ ही बांसखेड़ा के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हल्केराम चौधरी, सुनील शाक्य, गंगाराम अहिरवार, खिलान सिंह बल्लाखेडी, विनोद जाटव, अकरम मोहम्मद, मंसूर मोहम्मद, चंदन जाटव आदि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सर्वप्रथम एक पौधा मां प्रकृति के नाम पीपल का पौधा रोपित किया तत्पश्चात अमरुद, कटहल, संतरा, जैसे उपयोगी पौधे लगाकर उनकी समय-समय पर देखरेख पालन-पोषण करने की शपथ ली ताकि पौधों का सुरक्षित ख्याल रखा जा सके।

अंत में बहन प्रियंका को ग्राम बांसखेड़ा के सामाजिक साथियों ने मिलकर संतरे का पौधा भेंट दिया और हरियाली का संदेश दिया।



## नप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने गांधी आश्रम शाला में शिक्षकों के साथ किया पौधरोपण

# 10 हजार पौधों के रोपण की दिशा में बढ़ा रहे शनैः शनैः कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा नगर में 10 हजार पौधों का रोपण किए जाने का संकल्प लिया गया है। इसी संकल्प को पूर्ण किए जाने को लेकर नगर परिषद शनैः शनैः कदम बढ़ा रही है, ताकि लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। इसी कड़ी में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक ने शनिवार को शिक्षण संस्था में पहुंच कर फलदार व फूलदार पौधो का रोपण किया।

केंद्र सरकार के द्वारा एक पेड़ मॉ के नाम अभियान चलाया गया है जिसका असर तहसील मुख्यालय सहित अंचल के ग्रामो में देखा जा रहा है। जहां कि गणमान्य नागरिको, सामाजिक संस्थाओ, शासकीय उपकृमों के द्वारा पौधेरोपण किए जा रहे है। सिलवानी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक शनिवार को नगर में स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित गांधी आश्रम शाला में पहुचें।

यहां पर उन्होंने विभिन्न प्रजाति के पौधो का रोपण किया, अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ ही शाला के शिक्षकों एवं स्टॉप के द्वारा अनेक प्रजाति के फूलदार तथा फलदार पौधों का रोपण शाला परिसर में किया। यहां पर पौधरोपण के बाद श्री नायक ने उपस्थितों को रोपे गए पौधो की देखरेख तथा आगामी दिनो में भी अधिक संख्या में पौधरोपण करने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही वृक्ष से होने वाले लाभ को भी विस्तार से बताया।



### सभी के सहयोग से लक्ष्य को करेंगे पूर्ण

*नगर को हरा भरा बनाए जाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 10 हजार पौधो का रोपण किए जाने का लक्ष्य है। जिसे कि पार्षदों, जन प्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं शासकीय विभागों, नप कर्मचारियों आदि के सहयोग से पूर्ण किया जाएगा। लक्ष्य को पूर्ण किए जाने की दशा में शनैः शनैः कदम बढ़ाए जा रहे है। कमोवेश रोज ही नगर में पौधरोपण किए जाने का कार्य संबंधितो के द्वारा किया जा रहा है।*

***रेशु विभोर नायक,** अध्यक्ष नगर पालिका सिलवानी*

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सम्पूर्ण जिले में किया जा रहा है पौधरोपण

**रायसेन।** पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में सम्पूर्ण जिले में पौधरोपण किया जा रहा है। जिले में ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में शासकीय कार्यालय परिसरों, स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवनों, पार्क सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों, नागरिकों द्वारा सहभागिता की जा रही है।



इसी क्रम में शनिवार को नगर परिषद सिलवानी, औबेदुल्लागंज, बाड़ी, सांची, गैरतगंज सहित अन्य क्षेत्रों में नगर परिषद द्वारा पौधरोपण किया गया। साथ ही वायुदूत एप पर रजिस्ट्रेशन कर पौधरोपण की फोटो भी अपलोड की गई।